लखनऊ, मंगलवार
15 जनवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

खुदरा महंगाई दर पिछले डेढ़ साल में सबसे कम 11
इमरान सरकार ने चीन के प्रोजेक्ट पर चलाई कैंची 16

बीमार बेडरोल

ठेकेदार एक बेडरोल सेट की धुलाई 10.84 रुपये में करते हैं। जिसके तहत दो बेडशीट की धुलाई 7.38 रुपये तकिया कवर 1.73 रुपये और फेस टॉवल की धुलाई 1.72 रुपये के हिसाब से ठेकेदार करता है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में हर साल 9200 तौलिया चोरी होती है।

गोमती नगर में आयोजित स्वच्छ प्रतिस्पर्धा विजेता पुरस्कार समारोह में सम्मानित होने वाले सफाईकर्मचारी महापौर संयुक्ता भाटिया व अन्य के साथ • जागरण

गोमतीनगर के 86 सफाई कर्मियों को मिला सम्मान

जागरण संवाददाता, लखनऊ : स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा में गोमतीनगर के राजीवगांधी वार्ड (प्रथम) को प्रदेश में तीसरा और लखनऊ को पहला स्थान दिलाने वाले 86 सफाई कर्मचारियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। उन्हें स्वच्छता सैनिकों का नाम भी दिया गया। इन सभी को स्वच्छता किट दी गई। गोमतीनगर के राम भवन में आयोजित समारोह में चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन और मेयर संयुक्ता भाटिया ने सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन करने वाले वार्ड के पार्षद अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि सभी के प्रयास से ही उनका वार्ड इनाम पाने का हकदार बना और उसमे सफाईकर्मचारियों की मेहनत और लगन काम आई। मंत्री आशुतोष टंडन ने सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता सैनिक का नाम देने पर पार्षद अरुण कुमार तिवारी की प्रशंसा की। मेयर ने कहा कि सफाई को लेकर लोगों में जागरुकता आई है। अभी इस क्षेत्र में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। पार्षद अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि सभी स्वच्छता सैनिकों को स्वच्छता किट दी गई है, जिसमे ट्रेक-सूट, टिफ़िन, जूता-मोजा, इनर एवं टोपी है। कूड़े को घर घर से एकत्र करने वाले 35 एवं सीवर सफाई करने वाले नौ कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री व सांसद के पुत्र व भाजपा नेता नीरज सिंह, स्वच्छ पर्यावरण प्रोत्साहन समिति के शहर के संयोजन सुनील कुमार मिश्रा जोनल अधिकारी सुजीत कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य भी उपस्थित थे। मेयर ने राजीव गांधी वार्ड प्रथम में कूड़े जल्द एवं सुगम निस्तारण करने के लिए कॉम्पैक्टर का तोहफा दिया। मेयर ने कहा कि जल्द ही हर वार्ड में एक काम्पैक्टर की व्यवस्था की जाएगी।